

जब वह टेस्ट टीम के साथ जल्दी नहीं जुड़े थे तभी इसके संकेत मिल गए थे। जब उन्होंने आखिरी वनडे खेला तो मुझे लगा था कि वे उन्हें टेस्ट में खिलाने जा रहे हैं। लेकिन यह एक हैरानी की बात है। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने भारत को निराश किया है। **- सुनील गावस्कर**

पूर्व भारतीय खिलाड़ी, मोहम्मद सिराज के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



महेला जयवर्धने

श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को जीएमआर स्पोर्ट्स ने क्रिकेट डायरेक्टर बनाया है। जयवर्धने इस भूमिका में विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी, आईएल टी20 में दुबई कैपिटल्स और द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के क्रिकेट कामकाज देखेंगे। जीएमआर स्पोर्ट्स क्रिकेट टीम के पोर्टफोलियो में, जयवर्धने क्रिकेट ऑपरेशन, टैलेंट की पहचान, प्लेयर डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस मैनेजमेंट पर स्ट्रेटेजिक डायरेक्शन देंगे और हर फ्रेंचाइजी में लीडरशिप, हेड कोच और क्रिकेट मैनेजमेंट टीमों के साथ मिलकर काम करेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने ओलंपिक में कई स्वर्ण पदक जीते, जिनमें 1948 से 1956 के बीच लगातार तीन स्वर्ण और 1964 व 1980 के ओलंपिक स्वर्ण पदक शामिल हैं।

वेलिंगटन टेस्ट के दूसरे दिन भारत का स्कोर 159/1

राहुल और यशस्वी ने फिफ्टी लगाई, न्यूजीलैंड 368 रन पर ऑलआउट

नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दो टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने तगड़ा पलटवार किया। भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने पहले दिन 70 रन पर 5 विकेट खोने के बाद इतने ही विकेट पर 243 रन बनाए। इसके बाद भारत ने दूसरे दिन न्यूजीलैंड को 368 रन पर रोका और फिर दमदार अंदाज में पलटवार किया।

भारत के लिए न्यूजीलैंड की धरती पर अपने करियर का पहला टेस्ट मैच खेलने उतरे यशस्वी जायसवाल ने दूसरे दिन को यादगार बनाया। वहीं, दूसरे सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने भी उनका साथ निभाया। इससे दोनों के बीच ओपनिंग में 100 से अधिक रन की साझेदारी हुई और न्यूजीलैंड की धरती पर 32 साल बाद एक बड़ा इतिहास भी बना। हालांकि, जायसवाल शतक नहीं जड़ सके और 85 रन पर आउट हो गए, तो टीम इंडिया ने दूसरे दिन के अंत तक 39 ओवर में एक विकेट पर 159 रन का टोटल बना लिया था।

दूसरे दिन भारत के लिए आकाश दीप ने बरपाया कहर

न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंगटन टेस्ट मैच के पहले दिन बेअसर नजरआने वाले आकाश दीप सिर्फ एक विकेट ही ले सके थे। इसके बाद दूसरे दिन जब वह गेंद लेकर मैदान में उतरे तो उन्होंने सबसे पहले छठे विकेट की मैराथन साझेदारी को तोड़ दिया। आकाश दीप की घातक गेंद को ग्लेन फिलिप्स भांप नहीं सके और शतक जड़ने के बाद वह क्लीन बोल्ड होकर चलते बने। फिलिप्स ने 216 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 118 रन की पारी खेली और भारत के खिलाफ टेस्ट करियर का पहला शतक



जमाया। इतना ही नहीं, एक ही कैलेंडर ईयर में वह भारत के खिलाफ तीनों फॉर्मेट में शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने, जबकि रोहित शर्मा के बाद ऐसा करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने।

इसके बाद न्यूजीलैंड का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका और उसकी पहली पारी 368 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए हालांकि हेनरी निकल्स नाबाद रहे और उन्होंने 335 गेंदों में 21 चौकों की मदद से 175 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, भारत के लिए आकाश दीप ने दूसरे दिन न्यूजीलैंड के बाकी पांच विकेटों में से दो विकेट चटकाए तो उनके नाम कुल तीन विकेट रहे। इसके अलावा बुमराह ने पहली पारी में 29 ओवर के लंबे स्पेल में 92 रन देकर 4 विकेट चटकाए। बुमराह और आकाश दीप के अलावा दो विकेट अंशुल कंबोज और एक विकेट प्रसिद्ध कृष्णा के नाम रहा।

क्या 368 का टोटल न्यूजीलैंड की जीत के लिए काफी है?

न्यूजीलैंड की टीम ने वेलिंगटन के मैदान पर पहली पारी में 368 रन का मजबूत स्कोर बनाया तो एक दिलचस्प आंकड़ा भी सामने आया। वेलिंगटन के मैदान पर जब भी किसी टीम ने टेस्ट मैच की पहली पारी में 358 से 378 के बीच का स्कोर बनाया है तो उसे जरूरी नहीं कि जीत ही मिली हो। वेलिंगटन में अभी तक 18 बार पहले बल्लेबाजी करते हुए किसी टीम ने 358 से लेकर 378 के बीच का स्कोर बनाया है। इसमें पांच बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है तो पांच बार उसे हार मिली है, जबकि आठ मैच पहली पारी में इतना बड़ा स्कोर बनने के बाद ड्रॉ भी रहे हैं।

हांगकांग ओपन में लक्ष्य सेन का जलवा, लोह कीन यू को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे



नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू को तीन गेम में हराकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपनी जगह पहले ही पक्की कर चुके अल्मोड़ा के 25 वर्षीय खिलाड़ी लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त लोह को 21-17, 10-21, 21-13 से हराया। हाल में हाइलो ओपन और कुमामोतो मास्टर्स जापान का खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेमीफाइनल में एंडर्स एंटोनसेन और चीन के तीसरी वरीयता प्राप्त झू जुआन चेन के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से भिड़ेंगे।

इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने चीन के हू के युआन और लिन जियांग यी को तीन गेम तक चले मुकाबले में हराकर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने पहला गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन दूसरे गेम में वे अपनी लय खो बैठे। उन्होंने हालांकि बाद में वापसी करते हुए 59 मिनट में 21-12, 13-21, 21-16 से जीत हासिल की। सात्विक और चिराग फाइनल में जगह बनाने के लिए डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड या मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन में से किसी एक का सामना करेंगे। महिला एकल में रक्षिता रामराज का शानदार सफर क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की पांचवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से 19-21, 16-21 से हार के साथ समाप्त हो गया। रक्षिता ने प्री-क्वार्टर फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फी को 21-18, 24-22 से हराकर उलटफेर किया था।

कोटा कप पोलो : टीम जयपुर और रामबाग के बीच होगा फाइनल

महाराजा पद्मनाभ सिंह ने दागे 9 गोल, टीम जयपुर ने आरपीसी को हराया



जयपुर, 20 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन 2026 के तहत खेले जा रहे कोटा कप (4 गोल्स) टूर्नामेंट के फाइनल में टीम जयपुर और टीम रामबाग आमने-सामने होंगी। शुक्रवार को पीपीसी ग्राउंड पर खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में टीम जयपुर और रामबाग ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

पहले सेमीफाइनल में टीम जयपुर ने टीम आरपीसी को 11-4.5 गोल से हराया। विजेता टीम की ओर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 9 गोल किए। दिव्यमान सिंह दुजोद और कुलदीप सिंह राठौड़ ने एक-एक गोल किया। आरपीसी की ओर से मुकेश सिंह ने 2 और एलन शॉन माइकल ने एक गोल किया।

दूसरे सेमीफाइनल में टीम रामबाग ने कड़े मुकाबले में टीम जगत पोलो को 7.5-7 गोल से पराजित किया। रामबाग की ओर से जुआन जोस अल्बर्डी ने 5 गोल, जबकि सिद्धांत सिंह और प्रताप सिंह कानोता ने एक-एक गोल किया। जगत पोलो की ओर से फेडे बौउडू ने 5 तथा वीरम देव सिंह कृष्णावत और विशाल सिंह राठौड़ ने एक-एक गोल किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार, 22 नवंबर को आरपीसी ग्राउंड पर खेला जाएगा।

मुश्ताक अली ट्रॉफी : भुवनेश्वर के 3 विकेट से यूपी जीता

पंजाब ने तमिलनाडु को 5 रन से हराया, महाराष्ट्र, झारखंड भी जीते

नई दिल्ली, 20 नवंबर। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शुक्रवार को यूपी ने चंडीगढ़ को 30 रन से हरा दिया। यूपी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने 19 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि आर्यन जुयाल ने 28 गेंदों पर नाबाद 64 रन की पारी खेली। दिन के दूसरे मुकाबले में पंजाब ने तमिलनाडु को 5 रन से हराया। वहीं महाराष्ट्र, झारखंड और सौराष्ट्र ने भी अपने मुकाबले जीते।

जुयाल की पारी से यूपी ने 191 रन का टारगेट दिया

मुंबई में खेले गए मुकाबले में यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 190 रन बनाए। जुयाल ने 64 रन की पारी में 7 चौके और 4 छक्के लगाए। जवाब में चंडीगढ़ की टीम 20 ओवर में टारगेट से 30 रन पीछे रह गई। भुवनेश्वर कुमार ने 3 और प्रशांत वीर ने 2 विकेट हासिल किए।

सचिन की फिफ्टी के बावजूद हारा तमिलनाडु

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 165 रन बनाए। रमदीप सिंह ने 23 गेंद पर 36, जबकि



सुखदीप सिंह ने 7 गेंद पर नाबाद 20 रन बनाए। जवाब में तमिलनाडु की ओर से बालासुब्रमण्यम सचिन ने 42 गेंद पर 70 रन की पारी खेली। उन्होंने आंद्रे सिद्धार्थ (28 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। हालांकि, इस साझेदारी के टूटते ही तमिलनाडु की पारी लड़खड़ा गई। टीम 9 विकेट पर 160 रन ही बना सकी।

महाराष्ट्र ने आखिरी गेंद पर जीत दर्ज की

मोहाली में महाराष्ट्र ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की। असम के कप्तान डेनिश दास ने 33 गेंद पर 62 रन बनाए। हालांकि, उनकी पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र के विकेटकीपर ऋषिकेश सोनवणे ने 32 गेंद पर 54 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 35 गेंद पर नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों की पारियों की मदद से महाराष्ट्र ने आखिरी गेंद पर मुकाबला जीत लिया।

आंध्र ने मध्य प्रदेश को 116 रन पर समेटा

आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 186 रन बनाए। शेख रशीद और रिकी भुई ने अर्धशतक लगाए, जबकि एम हेमंत रेड्डी ने 17 गेंदों पर 34 रन बनाए। 187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मध्य प्रदेश की टीम 116 रन पर ऑलआउट हो गई। आंध्र के सत्यनारायण राजू ने 3.1 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट लिए। झारखंड ने कर्नाटक को 7 विकेट से हराया: कर्नाटक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 174 रन बनाए। जवाब में झारखंड ने 19.1 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान अनुकूल रॉय ने 54 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि विराट सिंह ने 34 गेंदों पर 60 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 110 रन की नाबाद साझेदारी की।

पाकिस्तान ने दो साल बाद जीती टेस्ट सीरीज

नई दिल्ली, 20 नवंबर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार का दिन अच्छा रहा। टीम ने करीब दो साल बाद कोई टेस्ट सीरीज जीतने में कामयाबी हासिल की है। टीम के कप्तान बाबर आजम का बल्ला तो नहीं चला, लेकिन टीम ने श्रीलंका को दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से हरा दिया है। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था। इस बीच पाकिस्तान को जीत के बाद भी कोई बहुत ज्यादा फायदा नहीं मिला है। टीम अभी भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में आखिरी पायदान पर है। हां, इस हार से श्रीलंका को जरूर हल्का सा नुकसान हुआ है। श्रीलंका को दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान ने आठ विकेट से हराया: श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच पाकिस्तान ने आठ विकेट से जीत लिया है। इसके साथ ही सीरीज अब उसके नाम हो चुकी है। मैच की पहली पारी में श्रीलंकाई टीम केवल 98 ही रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 325 रन का बड़ा स्कोर बनाया। श्रीलंका की टीम अपनी दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और केवल 316 रन पर आउट हो गई। इसके बाद आखिरी पारी में पाकिस्तान के सामने महज 90 रनों का लक्ष्य था, जिसे टीम ने अपने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

आरसीए अंडर-15 महिला चयन ट्रॉयल 27-28 को

जयपुर, 20 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की ओर से बीसीसीआई की आगामी अंडर-15 महिला क्रिकेट ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम के चयन हेतु 27 और 28 नवंबर को जयपुर स्थित आरसीए एकेडमी में चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों के बीच 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक जयपुर में चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबले खेले जाएंगे। ट्रायल में केवल जिला क्रिकेट संघों की ओर से भेजी गई पात्र खिलाड़ियों की सूची के आधार पर ही भाग लेने का अवसर मिलेगा। इसके लिए खिलाड़ियों की जन्मतिथि 1 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के बीच होनी चाहिए।

जिलावार ट्रायल कार्यक्रम: 27 नवंबर: अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चूरू, दौसा, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक। 28 नवंबर: पाली, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, धौलपुर, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, जोधपुर, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, श्रीगंगानगर और उदयपुर। सभी खिलाड़ियों को संबंधित तिथि पर सुबह 9 बजे आरसीए एकेडमी में रिपोर्ट करना होगा। खिलाड़ियों के लिए रंगीन क्रिकेट ड्रेस अनिवार्य है।

ट्रायल में शामिल होने वाली खिलाड़ियों को डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (जिस पर फोटो छह माह से अधिक पुराना नहीं हो), चालू वर्ष का स्कूल बोनाफाइड प्रमाण पत्र तथा सत्र 2023-24, 2024-25 और 2025-26 की स्कूल मार्कशीट या रिपोर्ट कार्ड मूल रूप में साथ लाने होंगे। जिला संघों को खिलाड़ियों के नाम के साथ आरसीए पंजीकरण नंबर, पिता का नाम और जन्मतिथि भी उपलब्ध करानी होगी।

राजस्थान यूनाइटेड एफसी को घरेलू मैदान पर 1-4 हार, चनमारी एफसी ने दी शिकस्त

सबीर इसाह मूसा ने किया राजस्थान का एकमात्र गोल, अब 25 नवंबर को मोहम्मडन एससी से मुकाबला

जयपुर, 20 नवंबर। इंडियन फुटबॉल लीग में राजस्थान यूनाइटेड एफसी को घरेलू मैदान पर चनमारी एफसी के खिलाफ 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को विद्याधर नगर फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में राजस्थान यूनाइटेड की टीम बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकी। टीम की ओर से सबीर इसाह मूसा ने एकमात्र गोल किया।

घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच राजस्थान यूनाइटेड ने मुकाबले में वापसी का प्रयास किया, लेकिन चनमारी एफसी ने अपने मौकों का बेहतर फायदा उठाते हुए 4-1 से जीत दर्ज की। मैच के दौरान मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी रहे। इस अवसर पर जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला और राजस्थान यूनाइटेड एफसी के चेयरमैन के.के. टाक भी मौजूद रहे। मैच के बाद के.के. टाक ने कहा कि टीम का प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा, लेकिन उन्हें खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ की क्षमता पर पूरा भरोसा है। टीम अपनी कमियों पर काम कर आगामी मुकाबलों में मजबूती से वापसी करेगी। राजस्थान यूनाइटेड एफसी का अगला मुकाबला 25 नवंबर को कोलकाता के कल्याणी स्टेडियम में मोहम्मडन एससी के खिलाफ होगा। टीम इस मुकाबले में जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी।

प्रखर असावा अंतिम दौर में 69 का स्कोर बनाकर सातवें स्थान पर रहे



डिगबोई, असम, 20 नवंबर। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब के प्रखर असावा ने शुक्रवार को 26वें इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स में थ्री-अंडर-पार 69 का स्कोर बनाकर सातवां स्थान हासिल किया। चार दिनों में कुल 279 (नाइन अंडर पार) के स्कोर के साथ उन्होंने 2026-27 डीपी वर्ल्ड प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया सीज़न के शुरुआती टूर्नामेंट में शीर्ष-10 (टॉप-टेन) में जगह बनाई। असम का पहला 18-होल कोर्स, डिगबोई गोल्फ लिंक्स, देहिंग वन अभयारण्य के बगल में लहरदार जमीन पर स्थित है। युद्ध के समय की एक हवाई पट्टी अब इसके पांचवें फेयरवे का हिस्सा है, और 11वें होल के पास एक तेल के कुएं के अवशेष मौजूद हैं। 6,348 गज का यह पार-72 कोर्स किसी भी खिलाड़ी को टी से शॉट लगाते समय काफी सोचने पर मजबूर करता है। यहां फेयरवे पर गिरने वाला शॉट भी उछलकर किनारे की घनी झाड़ियों (रफ) या कोर्स के बीच से गुजरने वाले प्राकृतिक जल निकासी नालों में जा सकता है।

यहां टी से शॉट की दिशा के साथ-साथ सही क्लब का चुनाव भी उतना ही मायने रखता है। 236 गज के 10वें होल पर खिलाड़ी को एक लंबे टी-शॉट के साथ ग्रीन तक पहुंचना होता है। इसके छह होल बाद, 16वां होल केवल 127 गज का है, और यहां चुनौती यह सटीक अंदाजा लगाने की होती है कि गेंद को कितनी दूर तक हवा में भेजना है। असावा के अंतिम दौर में एक ईगल के साथ-साथ एक डबल बोगी भी शामिल थी। इतने उतार-चढ़ाव वाले दिन में 69 के स्कोर के साथ वापसी करने के लिए काफी धैर्य की जरूरत थी। उनका नाइन-अंडर का यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण था कि जयपुर के इस गोल्फर ने चार चुनौतीपूर्ण दिनों तक डिगबोई के कोर्स को कितनी अच्छी तरह संभाला। असावा ने कहा, "प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित करना और अपनी ऊर्जा उन चीजों पर लगाना जिन्हें आप नियंत्रित कर सकते हैं, आपको वह सब कुछ हासिल करने का सबसे अच्छा मौका देता है जो आप करना चाहते हैं।"

फिडे विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में डी गुकेश का सामना सिंदारोव से

नई दिल्ली, 20 नवंबर। मौजूदा चैंपियन डी गुकेश को 24 नवंबर से यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व शतरंज चैंपियनशिप में उज़्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। जहां गुकेश ने 2024 में विश्व चैम्पियनशिप मैच में चीन के डिंग लिरेन को हराकर फिर से इस प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, वहीं सिंदारोव विश्व कप और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों की मौजूदा रेटिंग में अंतर से भी यह मुकाबला रोमांचक बन गया है।

गुकेश फिलहाल 2710 की रेटिंग के साथ विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान जबकि सिंदारोव 2782 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। मतलब दोनों के बीच 72 अंकों का अंतर है। विश्व चैंपियन बनने के बाद गुकेश का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। दूसरी तरफ सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन किया है और रेटिंग और विश्व रैंकिंग दोनों में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल किए हैं। चैम्पियनशिप मुकाबले में 14 क्लासिकल गेम होंगे और जो खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 अंक हासिल करेगा, वह खिताब जीत जाएगा। मुकाबले के टाई होने की स्थिति में विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि के गेम खेले जाएंगे। विश्व चैंपियनशिप के मुख्य मुकाबले में पहले 40 चाल के लिए समयसीमा 120 मिनट है।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान 387 रन पीछे, तविश शर्मा का अर्धशतक

महाराष्ट्र ने पहली पारी में 521 रन बनाकर घोषित की, राजस्थान ने दूसरे दिन बनाए 134/3

जयपुर, 20 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान और महाराष्ट्र के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन महाराष्ट्र ने पहली पारी में 6 विकेट पर 521 रन बनाकर पारी घोषित की। जवाब में राजस्थान ने दिन का खेल समाप्त होने तक 3 विकेट पर 134 रन बना लिए। राजस्थान अभी महाराष्ट्र से 387 रन पीछे है।

महाराष्ट्र के लिए अर्जुन गायकवाड़ ने 120 और विवान हंसलिया ने नाबाद 104 रन की शतकीय पारियां खेलीं। राजस्थान की ओर से आंजनेय शर्मा ने 133 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में राजस्थान के तविष शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 67 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 72 रन बनाए। वहीं सलामी बल्लेबाज निश्छल शर्मा 40 रन बनाकर नाबाद हैं। महाराष्ट्र की ओर से अर्जुन, कृश्वा और अवनीश ने एक-एक विकेट लिया। अंडर-23 प्रैक्टिस मैच में पंजाब ने राजस्थान को हराया: राजस्थान और पंजाब के बीच खेले गए अंडर-23 टी-20 प्रैक्टिस मैच में पंजाब ने 93 रन से जीत दर्ज की। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 290 रन बनाए। देव अमृतपाल ने नाबाद 116 और आर्यन यादव ने 111 रन की शतकीय पारियां खेलीं। राहुल कुमार ने नाबाद 48 रन बनाए। राजस्थान की ओर से राहुल सहारन ने 2 और देवांश सिंह जस्वाल ने एक विकेट लिया। जवाब में राजस्थान की टीम 6 विकेट पर 197 रन ही बना सकी। राजस्थान के लिए मोहम्मद शोएब ने 59, नावेद ने 45, अमन ने 34 और देवांश ने 28 रन बनाए। पंजाब की ओर से दमनप्रीत सिंह और सैयाम सिंह ने 2-2 विकेट लिए।

टीम ए ने टीम बी को हराया: टीम ए और टीम बी के बीच खेले गए प्रैक्टिस मैच में टीम ए ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। टीम बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 170 रन बनाए। करण लांबा ने 58 और गौरव चंदर ने 41 रन बनाए। टीम ए की ओर से चेतन शर्मा ने 3 विकेट लिए। जवाब में टीम ए ने 4 विकेट पर 171 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी : दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी भारतीय हॉकी टीम



नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारतीय टीम की निगाहें शनिवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अपने दूसरे राउंड रॉबिन मुकाबले में जीत की लय जारी रखते हुए महाद्वीप में अपना दबदबा बरकरार रखने पर लगी होंगी। गत चैंपियन और तीन बार खिताब जीत चुकी भारतीय टीम ने बृहस्पतिवार को छह टीमों के इस टूर्नामेंट में मलेशिया को 4-1 से हराकर शानदार शुरुआत की।

भारत ने 2016, 2023 और 2024 में इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। भारत और तीन बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे सफल टीमें हैं। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई और मुख्य कोच शॉर्ड मारिन के मार्गदर्शन में भारतीय टीम 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरी है जिससे उसने लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए भी अपनी जगह पक्की की थी। मारिन और उनकी टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल टीम में नए खिलाड़ियों को मौका देने और 'बेंच स्ट्रेंथ' मजबूत करने के लिए कर रहे हैं।


इसी रणनीति के तहत अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और डिफेंडर इशिका चौधरी को आराम दिया गया है जबकि गोलकीपर बीचू देवी और बंसारी सोलंकी को रोटेट किया जा रहा है। भारतीय टीम ने मलेशिया के खिलाफ पहले मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। जूनियर स्तर से आगे बढ़कर सीनियर टीम में जगह बनाने वाली डिफेंडर पूजा साहू ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

सैयद मुश्ताक अली टी-20 राजस्थान

राजस्थान को बड़ौदा ने 5 विकेट से हराया, लोमरोर का नाबाद अर्धशतक बेकार







जयपुर, 20 नवंबर। बीसीसीआई सीनियर सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में गुरुवार को मुंबई में खेले गए मुकाबले में राजस्थान को बड़ौदा के हाथों पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा ने पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान की ओर से महिपाल लोमरोर ने 33 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। मुकुल चौधरी ने 25 गेंदों पर 39, रोहन राजभर ने 21 गेंदों पर 38 और कार्तिक शर्मा ने 16 गेंदों पर 24 रन की तेज पारियां खेलीं। बड़ौदा के कुणाल पंड्या ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बड़ौदा की ओर से रसिख दर ने नाबाद 57 और जितेश शर्मा ने 47 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। राजस्थान के राहुल चाहर ने दो विकेट लिए, जबकि हिमांशु राणा और दीपक चाहर को एक-एक विकेट मिला।

भारत से फाइनल खेले बिना पाकिस्तान को ट्रॉफी दी

नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट में एक और विवाद शुरू हो गया है। बांग्लादेश के ढाका में शुक्रवार को खेले जाने वाले मेंस एशिया कप फॉर द ब्लाइंड का फाइनल बारिश के कारण नहीं हो सका। पाकिस्तान और भारत को टूर्नामेंट का संयुक्त विजेता घोषित कर दिया गया। इसके बाद वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट के अध्यक्ष और पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख सुल्तान शाह ने पाकिस्तान को विजेता घोषित किया। मैच रेफरी को भी यही फैसला सुनाना पड़ा। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के महासचिव शैलेंद्र ने कहा कि जब तक यह विवाद नहीं सुलझता, भारतीय टीम आगे पाकिस्तान के साथ कोई मैच नहीं खेलेगी। भारतीय टीम ने इस फैसले को खेल भावना के खिलाफ बताया है। टीम का विरोध सिर्फ ट्रॉफी को लेकर नहीं, बल्कि फाइनल खेले बिना एक टीम को विजेता घोषित करने के तरीके को लेकर भी है। भारत और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को फाइनल खेला जाना था। लेकिन बारिश ने मैच शुरू ही नहीं होने दिया।